प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0

04.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 9:20बजे

आयुष्मान भव अभियान

आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत करीब 64 हजार लोगों ने अपने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह अभियान इस वर्ष 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी अंगदान के लिए पंजीकरण कराया है। मांडविया ने कहा है कि आयुष्मान भव अभियान बहुत सफल रहा। उन्होंने बताया कि लगभग दो लाख 70 हजार स्वास्थ्य मेले आयोजित किये गये। एक करोड़ 61 लाख से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस अभियान के दौरान लगभग 64 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए और एक करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाए गए।

यातायात बहाल

मनाली लेह सामरिक मार्ग पिछले तीन दिनों से यातायात के लिए बंद पड़ा था किन्तु आज यह मार्ग फोर बाई फोर वित इल वित वाहनों के लिए खोल दिया गया है। पिछले दिनों दारचा से सरचू के बीच मनाली लेह मार्ग पर एक से डेढ फुट बर्फबारी हो गई थी जिस कारण ये मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद था। सीमा सड़क संगठन के 70 आर सी सी ने माइनस 10 डिग्री तापमान के बीच तीन दिनों तक लगातार देर रात तक बर्फ हटाकर इस मार्ग को बहाल कर दिया है। मौसम के ठीक रहने पर जल्द ही इसे बड़े वाहनों के लिए भी खोल दिया जायेगा।

भूकंप

प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में कल भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गए सबसे तेज झटके उत्तर भारत में दोपहर दो बजकर इक्यावन मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार दशमलव छह मापी गयी। इस भूकंप का केंद्र नेपाल में था। भूकंप से जानी नुक्सान की कोई खबर नहीं है। इधर शिमला सहित कई क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गए। दहशत में लोग घरो और दफ्तरों से बाहर निकल आए। इस भूकंप से यहां जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

सुंदर सिंह ठाकुर

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि कुल्लू दशहरे के दौरान सफाई व्यवस्था अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रहेंगी और इसके लिए अलग–अलग टीमों का गठन किया गया है। वे कल कुल्लू में अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के प्रबंधनों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान ढाबा वालों को पर्यावरण मित्र पत्तलों का प्रयोग करना होगा और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर परिषद कुल्लू देखेगी।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। योजना सुखाश्रय शुरू होने की खबर को **दिव्य हिमाचल** ने शीर्षक दिया है **हिमाचल में अब कोई अनाथ नहीं। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की औपचारिक शुरूआत। आपका फैसला** का शीर्षक है **मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना शुरू, करोड़ों बांटे। पंजाब केसरी** ने बकौल मुख्यमंत्री लिखा है **यह सरकार की दया नहीं, बच्चों का कानूनी अधिकार। दैनिक जागरण का कहना है अब अनाथ नहीं, राज्य के होंगे बच्चे। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **अनाथ बच्चों को सुखाश्रय योजना का लाभ मिलना शुरू।**

प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को दिया जवाब देने के लिए अंतिम मौका शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है डिप्टी–सी एम–सी पी एस मामले में अब 16 को होगी सुनवाई। **दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **डिप्टी सी एम–सी पी एस पर जवाब देने का सरकार को आखिरी मौका। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **हाईकोर्ट ने सरकार को दिया जवाब देने के लिए अंतिम मौका, 16 को सुनवाई।**

एच पी टी डी सी के चयनित होटलों में 31 अक्तूबर तक 30 प्रतिशत तक की छूट शीर्षक से **दैनिक भास्कर** ने लिखा है फेस्विटल सीजन में हिमाचल आओ, होटलों में डिस्काउंट पाओ।

क्रिप्टो करंसी घोटाले के मुख्य सरगना हिमाचल के ही निवासी पंजाब केसरी की एक खबर है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **क्रिप्टो करेंसी से लुटाए 14 करोड़ 40 लाख, 11 पर एफ आई आर दर्ज।**

पंचायतों में काम ठप्प कर्मचारी बोले, मांगे पूरी करो नहीं तो जारी रखेंगे हड़ताल दैनिक भास्कर की एक खबर है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **आउटसोर्स कोरोना कर्मियों की नौकरी बचाएंगे, किया जा रहा मंथन।**